# मोहल्ला क्लीनिक के सात डॉक्टरों समेत 26 को हटाया

## स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, उपस्थिति प्रणाली में हेरफेर की जानकारी के बाद की गई कार्रवाई

- वर्तमान में दिल्ली सरकार के कुल 533 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक चल रहे है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि उपस्थिति प्रणाली में हेरफेर करने के कथित प्रयास के लिए मोहल्ला क्लीनिक में तैनात 7 चिकित्सकों, 19 कर्मचारियों समेत कुल 26 लोगों की सेवा समाप्त करनते हुए पैनल से हटा दिया गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि सात मोहल्ला क्लीनिकों में तैनात सात डॉक्टरों और 19 कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है क्योंकि यह पाया गया कि उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति प्रणाली में हेरफेर करने का प्रयास किया था।

भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सकों के देर से आने की शिकायतें थीं। उन्होंने कहा, हमने उपस्थिति रिकॉर्ड की जांच की। चिकित्सकों और कर्मचारियों को सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मोहल्ला क्लीनिक में उपस्थित रहना होता है। यह पाया गया कि इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति प्रणाली में हेरफेर किया जा रहा था।

वे देर से आते थे लेकिन सिस्टम से पता चलता था कि वे सुबह 8 बजे तक आ गए थे। उन्होंने कहा, सात मोहल्ला क्लीनिक में अनियमितताएं पाई गईं – पांच दक्षिण पश्चिम जिले में, एक उत्तरपूर्व जिले में और एक शाहदरा में। कुल मिलाकर सात चिकित्सकों सहित 26 कर्मचारियों को पैनल से हटा दिया गया है। वर्तमान में दिल्ली में कुल 533 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत हैं। भारद्वाज ने कहा कि मामले की जांच में गड़बड़ी व अनियमितताएं देखने को मिली।

उन्होंने कहा कि सात डॉक्टरों के अलावा, हटाए गए शेष कर्मचारियों में छह फार्मासिस्ट, छह क्लिनिक सहायक और सात मल्टी-टास्किंग कर्मचारी शामिल हैं। सौरभ ने कहा कि केजरीवाल सरकार और स्वास्थ्य विभाग इस मामले पर बहुत गंभीर है कि ऐसे क्लीनिकों में तैनात कर्मचारी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करें और कोई लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। यह पूछे जाने पर कि सिस्टम के साथ ऐसी छेड़छाड़ कैसे हुई होगी, उन्होंने कहा कि उन लोगों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता है जो सिस्टम को बायपास करने की कोशिश कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि हम अपनी तकनीक को अपग्रेड करते रहते हैं।




### केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहल है मोहल्ला क्लीनिक

**दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है। एक सामान्य मोहल्ला क्लिनिक में एक डॉक्टर, एक दाई-सह-नर्स और अन्य सहायक कर्मचारी होते हैं, और वहां आने वाले मरीजों को कई प्रकार की नैदानिक सेवाएं और आवश्यक दवाएं मुफ्त प्रदान की जाती हैं।**

## डेंगू के खिलाफ चलाएंगे जागरूकता अभियान: मंत्री

- कहा: मच्छरों के पैदा होने वाले स्थलों की संख्या स्थिर हो गई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में मच्छरों के पैदा होने वाले स्थलों की संख्या स्थिर हो गई है और अधिकारियों को पूरी दिल्ली में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली में डेंगू की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले सप्ताह, हमने एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। उस बैठक के दौरान, एमसीडी (अधिकारियों) ने हमारे साथ डेटा साझा किया जिससे पता चलता है कि मच्छर पैदा होने वाले स्थलों की संख्या स्थिर हो गई है।

उन्होंने कहा, मैंने स्वास्थ्य विभाग और मुख्य सचिव को डेंगू जागरूकता के लिए एक व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है क्योंकि हम पीक सीजन (ऐसा समय जब मामलों की संख्या सबसे अधिक होती है) के करीब हैं। इस बार यह अभियान नहीं चलाया गया है। सात अगस्त को जारी एमसीडी रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 5 अगस्त तक डेंगू के 348 मामले दर्ज किए गए। एमसीडी ने पिछले कई हफ्तों से डेंगू और मच्छर जनित अन्य बीमारियों पर रिपोर्ट जारी नहीं की है, जबकि पिछले हफ्ते एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया था कि वह उनके प्रसार को रोकने के लिए अपना नियमित काम कर रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली नगर निगम आमतौर पर हर सोमवार को मच्छर जनित बीमारियों के मामलों पर साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करता है।

## सिख दंगा: पूर्व कांग्रेसी सांसद सज्जन कुमार बरी

- अदालत ने दिया संदेह का लाभ, अभियोजन पक्ष हत्या और दंगे के आरोप साबित करने में रहा विफल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान एक व्यक्ति की हत्या से संबंधित मामले में संदेह का लाभ देते हुए बुधवार को बरी कर दिया।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने दो अन्य आरोपियों वेद प्रकाश पियाल और ब्रह्मानंद गुप्ता को भी यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ हत्या और दंगे के आरोप साबित करने में विफल रहा। सुल्तानपुरी में हुई घटना के दौरान सिख व्यक्ति सुरजीत सिंह की मौत हो गई थी।

न्यायाधीश ने कहा, आरोपी सज्जन कुमार को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया जाता है। कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 समूहों के बीच दुश्मनी, धारा 109 , धारा 302 और धारा 147 के तहत मामला दर्ज किया गया था। ज्ञात रहे कि 31 अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी, जिसके बाद दंगे भड़क उठे थे। दंगों से जुड़े एक अन्य मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

17 दिसंबर 2018 को हाई कोर्ट ने सज्जन कुमार को दंगे से जुड़े एक मामले में आजीवन जेल में रहने की सजा सुनाई थी। इसके बाद वह कई बार सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी लगा चुके हैं लेकिन हर बार उनकी याचिका खारिज हो चुकी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सज्जन कुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कोर्ट से जमानत की मांग की थी।

# फैक्टरी में विस्फोट, दो लोगों की मौत

- हादसे में चार अन्य लोग हुए घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के बवाना इलाके में बुधवार को प्लास्टिक का सामान बनाने वाली एक फैक्टरी में विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-3 में स्थित प्लास्टिक की एक फैक्टरी में विस्फोट के बारे में सूचना मिली और दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। फैक्टरी में हुए धमाके में पांच से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सिगरेट लाइटर स्क्रैप से प्लास्टिक के दाने बनाने के दौरान फैक्टरी में विस्फोट हो गया, जिससे छह लोग घायल हो गए। इनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि फैक्टरी में कोई आग नहीं लगी थी और घायलों को अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है।



## बस से कुचलकर दो लोगों की मौत, 1 घायल

**नई दिल्ली।** केशवपुरम इलाके में बीती रात तेज गति से जा रही बस से कुचलकर दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि रात करीब पौने बारह बजे बस ने दो स्कूटरों को टक्कर मार दी।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान रोहिणी सेक्टर तीन के निवासी हितेश गोस्वामी (39) और हैदरपुर के निवासी किशन (40) के रूप में हुई है, जबकि घायल व्यक्ति प्रवेश एक दवा कंपनी में प्रबंधक की नौकरी करता है। पुलिस ने बताया कि बस के चालक अमित कुमार (27) को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# आंगनवाड़ी को मजबूत कर रही सरकार : आतिशी

- मंत्री ने खानपुर में किया आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा कर सुविधाओं का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महिला एवं बाल-विकास मंत्री आतिशी ने बुधवार सुबह खानपुर स्थित केजरीवाल सरकार के आंगनवाड़ी सेंटर का दौरा किया।

मंत्री आतिशी ने केंद्र में बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और वहाँ पंजीकृत गर्भवती महिलाओं व माताओं से बातचीत की तथा वहाँ खिलाफ जंग में केजरीवाल सरकार अपनी आंगनवाड़ियों को सशक्त बना रही है। हम ये सुनिश्चित कर रहे है कि अपनी आंगनवाड़ी में आने वाले सभी बच्चों और माताओं को बेहतर से बेहतर पोषण प्रदान कर सकें औरआंगनवाड़ी केंद्र प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रहे है तथा रोज़ाना लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं व माताओं तक पोषणयुक्त आहार भी पहुँचा रहे है। साथ ही सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिल्ली की आंगनवाड़ियों को सभी जरूरी सुविधाओं से लैस कर रही है। इसके अतिरिक्त, इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जा रहे हैं।


बच्चों को चॉकलेट खिलाती शिक्षा मंत्री आतिशी।

### आतिशी ने एमसीडी स्कूल में किया औचक निरीक्षण

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार की संगम विहार जी-ब्लॉक स्थित एमसीडी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने पाया कि प्रिंसिपल की जानकारी के बिना दो शिक्षक गायब मिले। शिक्षा मंत्री ने औचक निरीक्षण में पाया कि कई शिक्षक लंबे समय से भी अनुपस्थित चल रहे है और स्कूल में मिशन बुनियाद से जुड़े डेटा में भी अनियमितता है। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल में लापरवाही बरतने वाले हर व्यक्ति पर सख्त से सख्त कारवाई की जाए।

## पांडव नगर में पुलिसकर्मी को कार से कुचलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पांडव नगर में दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को कथित तौर पर अपनी कार से कुचलकर मारने और एक अन्य व्यक्ति को घायल करने के आरोप में 39 वर्षीय व्यक्ति को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में था और उसकी पहचान गुड़गांव के सेक्टर 82 निवासी सिद्धार्थ शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को मेरठ से आते समय उसने कथित तौर पर दो लोगों को कुचल दिया, जिनमें एक पुलिसकर्मी था।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अमृता गुगुलोथ ने कहा कि आरोपी ने दो लोगों को कार से टक्कर मारते समय नशे में होने और तेज गति से गाड़ी चलाने की बात कबूल की है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के गुड़गांव में एक निजी कंपनी में काम करने वाला शर्मा शादीशुदा है और उसका एक बेटा व एक बेटी है।

पुलिस ने कहा कि एसआई गंगासरन और एएसआई अजय तोमर जिप्सी में पांडव नगर में गश्त पर थे, और तोमर गाड़ी चला रहे थे।

# सहकर्मी की हत्या कर घर के पीछे दफनाया

- विभागीय अधिकारी को कर्ज नहीं लौटाने, प्रेमिका पर बुरी नीयत के चलते दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के आरके पुरम में भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसआईए) के एक कर्मचारी की नृशंस हत्या का मामला हर किसी को हैरान कर रहा है। यह मामला साधारण हत्या का नहीं बल्कि सहकर्मी से उधार के नौ लाख रुपये नहीं लौटाने, प्रेमिका पर बुरी नीयत रखने और घर बुलाकर नृशंस तरीके से हत्या कर शव को घर के पास दफनाने का मामला है। इस जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने आरके आरोपी सहकर्मी अनीश (24) को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, महेश सरोजिनी नगर में रक्षा अधिकारी परिसर में एसआईए कार्यालय में काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि महेश ने अनीश को नौ लाख रुपए उधार दिए थे और जब उसने उधार की रकम वापस मांगी और प्रेमिका पर पैसे खर्च करने के लिए अनीश को डांटा, तो उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त को महेश के भाई मनेश ने आरके पुरम थाने में फोन कर महेश के लापता होने की शिकायत की।



अधिकारी के अनुसार, मनेश ने कहा कि उसका भाई 28 अगस्त को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अपने घर से निकला था और जाने से पहले उसने अपनी पत्नी को बताया था कि वह आर के पुरम सेक्टर-2 में अपने सहकर्मी अनीश से मिलने जा रहा है, लेकिन वापस नहीं आया। पुलिस के मुताबिक, मनेश ने कहा कि जब उसने और उसकी भाभी ने अनीश से महेश के बारे में बात की, तो अनीश ने कहा कि महेश उसके घर पर आया था, लेकिन कुछ देर बाद अपने घर लौट गया था। पुलिस ने बताया कि मनेश ने कहा कि अनीश ने महेश की तलाश में परिवार की मदद करने का भी वादा किया। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि महेश की आखिरी लोकेशन हरियाणा के फरीदाबाद में थी और जब पुलिसकर्मी वहां पहुंचे, तो उन्हें महेश के वहां होने का कोई सबूत नहीं मिला। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा कि उन्होंने अनीश समेत कई संदिग्धों से पूछताछ शुरू की, जिन्होंने महेश की हत्या करने की बात कबूल कर ली। अधिकारी के अनुसार, अनीश ने कहा कि महेश उसे उसके पैसे लौटाने के लिए परेशान कर रहा था, इसके अलावा वह उसकी प्रेमिका पर बुरी नीयत भी रखने के साथ उसका अपमान भी कर रहा था, इसलिए उसने उसे मारने का फैसला किया। डीसीपी ने कहा कि जब महेश की पत्नी ने अनीश को फोन करके उसका पता पूछा, तो अनीश ने बताया कि महेश आया था और अपनी कार उसके पास छोड़कर चला गया। पुलिस ने कहा कि जिस दिन महेश लापता हुआ, उस दिन उसके पास अनीश का फोन आया था, जिसने उसे आरके पुरम स्थित अपने घर बुलाया था। पुलिस के मुताबिक, जब महेश अनीश के घर पहुंचा, तो अनीश ने उसकी हत्या कर दी।

### पाइप और रिंच से की हत्या, पॉलिथीन में पैक किया शव

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 28 अगस्त से पहले उसने ऑफिस से छुट्टी ली। उसके बाद वह लाजपत नगर व साउथ एक्स की मार्केट में गया। वहां से उसने छह फुट की पॉलिथीन, फावड़ा और पाइप रिंच खरीदा। उसके बाद दोपहर को महेश को घर बुलाया। महेश दोपहर करीब 12 बजे आरके पुरम सेक्टर-2 स्थित उसके घर पहुंचे। यहां आरोपी ने पाइप रिंच से सिर पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। उसके बाद उन्हें चार बड़े पॉलिथीन में पैक किया। घर की साफ-सफाई कर दी। बॉडी को उसने घर में रखा। बदबू न आए इसके लिए उसने एसी चालू कर दिया।



महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा की महिला कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का आभार जताती हुई। फोटो: रंजन डिमरी

## बिल पास होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने पीएम का आभार जताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा की दिल्ली इकाई ने लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सांसदों का बुधवार को आभार व्यक्त किया। महिला मोर्चा की दिल्ली इकाई की प्रमुख ऋचा पांडेय ने बताया कि महिला मोर्चा की नेता-कार्यकर्ता रेल भवन और संसद इमारत के आसपास के 15 अन्य स्थानों पर एकत्रित हुईं तथा देश की महिलाओं की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री और सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया। पांडेय ने कहा, हम लोकसभा में विधेयक को गरिमापूर्ण तरीके से पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। इस विधेयक ने कई वर्षों तक बाधाओं का सामना किया। सरकार ने मंगलवार को नए संसद भवन में कार्यवाही के पहले दिन लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन विधेयक को निचले सदन में पेश किया। बहरहाल, विधेयक के प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि इसके कानून बनने के बाद कराई जाने वाली जनगणना के आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए परिसीमन की कवायद या निर्वाचन क्षेत्रों के पुन: सीमांकन के बाद ही आरक्षण लागू होगा।

## विश्व अल्जाइमर्स दिवस

# आयुर्वेद में इलाज के साथ हो सकता है बेहतर प्रबंधन

## आयुर्वेदिक औषधियों और पंचकर्म से मरीज को मिलता है विशेष लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


बढ़ती उम्र में भूलने के साथ शारीरिक और मानसिक हालत में गिरावट अल्जाइमर्स के लक्षण हैं। आयुर्वेद में इसका इलाज संभव है, यह दावा दिल्ली नगर निगम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ राजपाल पाराशर कहते हैं कि समय रहते इलाज और बेहतर प्रबंधन से मरीज को बेहतर जीवन मिल सकता है।

विश्व अल्जाइमर्स दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. राजपाल ने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से बेहतर प्रबंधन और इलाज संभव है। अल्जाइमर्स में मरीज के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट के साथ आखिरी स्टेज में मरीज अपनी देखभाल खुद करने में असमर्थ हो जाता है।


डॉ. राजपाल पाराशर

उन्होंने बताया आयुर्वेद की पंचकर्मा थेरेपी के साथ-साथ अश्वगंधा, जटामांसी, ब्राह्मी, मंडूकपर्णी, शंखपुष्पी, वच, हल्दी, तुलसी, गिलोय आदि आयुर्वेदिक दवाएं अल्जाइमर की चिकित्सा में प्रभावी सिद्ध हो सकती हैं। अल्जाइमर्स रोग की शुरुआत मस्तिष्क के सेल्स व तंत्रिकाओं के नष्ट होने के कारण होती है। रसराज रस, महावातविध्वंसक रस, वातगजांकुश रस आदि दवाएं मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को मजबूत बनाती हैं।

डॉ. पराशर कहते हैं कि शिरोधारा नामक पंचकर्म थेरेपी मस्तिष्क के सेल्स को नष्ट होने से बचाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। इसके अलावा योग और प्राणायाम का अभ्यास नियमित रूप से किया जाए तो बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। अल्जाइमर्सएसोसिएशन के अनुसार इस समय दुनिया भर में अल्जाइमर्स के 320 लाख से अधिक मरीज हैं और डिमेंशिया जैसे संबंधित लोगों को मिलाकर यह संख्या 550 लाख के करीब हो जाती है। सीएसआई आर. व नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार भारत में अल्जाइमर्स के 38.4 लाख रोगी हैं और डिमेंशिया रोगों को मिलाकर यह संख्या 44 लाख से ऊपर हो जाती है।



- शिरोधारा नामक पंचकर्म थेरेपी मस्तिष्क के सेल्स को नष्ट होने से बचाने में महत्वपूर्ण

## हंसराज कॉलेज के प्रेसिडेंशियल डिबेट का होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज के छात्र संघ चुनावों में प्रेसिडेंशियल डिबेट का आयोजन 21 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। इस डिबेट के संयोजक डॉ. प्रभांशु ओझा ने बताया कि प्रेसिडेंट के पद पर कुल चार उम्मीदवार हैं आशीष कुमार ,अवनीश मिश्र ,भरत रालिया ,शिवम कुमार सिंह हैं।

इस दौरान सभी उम्मीदवार अपना पक्ष रखेंगे और आपस में भी एक दूसरे के प्रश्नों का उत्तर देंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के मध्य स्वस्थ्य राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का निर्माण करना है।

इस दौरान कॉलेज प्राचार्य प्रो. रमा एवं चुनाव अधिकारी प्रो. अरविन्द यादव उपस्थित रहेंगे

# महिलाओं को आरक्षण के नाम पर दिया जुमला : संजय सिंह

- आप सांसद कहा- लोकसभा चुनाव से पहले लाया गया ये बिल कब लागू होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने महिला आरक्षण बिल का लाभ देश की महिलाओं को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नहीं मिलने पर प्रधानमंत्री मोदी की नीयत पर प्रश्न खड़ा किया है।

संजय सिंह ने कहा कि मोदी जी ने देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद आरक्षण देने के नाम पर महिला बेबकूफ बनाओ बिल का जुमला दिया है। पिछले 9 वर्षों में पीएम मोदी ने देश की जनता से जितने भी वादे किए, सब जुमले साबित हुए। महिला आरक्षण बिल कब लागू होगा या नहीं लागू होगा, यह बड़ा सवाल है, क्योंकि इसमें प्रावधान है कि पहले जनगणना होगी। इसके बाद परिसीमन होगा और उसके बाद ये बिल लागू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना 2031 में होगी। पिछली बार परिसीमन में 6-7 साल लगे थे। परिसीमन में 6-7 साल लग गए तो ये बिल 2029 में कहीं लागू हो पाएगा। इसलिए आप इस बिल का विरोध करती है। अगर प्रधानमंत्री वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देना चाहते हैं तो यह बिल 2024 में ही लागू किया जाए।

